मेट्रो-3 ने हटाए 4401 बैरिकेड, दक्षिण मुंबई में सुगम हुआ यातायात

सुजीत गुप्ता | मुंबई

अंडरग्राउंड मेट्रो-3 परियोजना के काम के चलते शहर के कई इलाकों को पिछले 8 साल से बैरिकेड लगाकर बंद किया गया है। अब जैसे-जैसे परियोजना का काम पूरा हो रहा है, धीरे-धीरे बैरिकेड हटाने का काम शुरू हो गया है। हाल ही में मुंबई मेट्रो रेल कारपोरेशन (एमएमआरसीएल) ने दक्षिण मुंबई में अंडरग्राउंड मेट्रो-3 के रूट पर लगाए गए 4401 बैरिकेड को हटा दिया है। इससे दक्षिण मुंबई के 4 किमी से ज्यादा हिस्से में यातायात सुगम हो गया है। जिन इलाकों में ये बैरिकेड लगाए गए थे, वह रिहायशी इलाके हैं। यहां बैरिकेड हटाने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। मेट्रो परियोजना के पैकेज-1 में कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट और हुतात्मा चौक को कवर करने वाली 3,236 मीटर सड़क का 81 प्रतिशत हिस्सा बैरिकेड हटाकर बहाल कर दिया गया है। जबकि पैकेज-2 के 1,165 मीटर हिस्से से बैरिकेड हटाए गए हैं। इससे सीएसएमटी, कालबादेवी, गिरगांव और ग्रांट रोड की 45 प्रतिशत सड़कें बैरिकेड से मुक्त हो गई हैं।

» 8 साल बाद स्थानीय लोगों ने ली राहत की सांस

» पैकेज-1 में 81 फीसदी और पैकेज-2 में 45 फीसदी सड़कें बहाल

मेट्रो सिनेमा के पास बैरिकेड निकालने के बाद खुली हुई सड़क

दुकानदारों को अब व्यवसाय की उम्मीद

कफ परेड स्थित निवासी अकील मोहम्मद शेख ने बताया अब जब बैरिकेड धीरे-धीरे हटाए जा रहे हैं, तो हम उम्मीद कर रहे हैं कि ग्राहक फिर से हमारी दुकानों पर आएंगे। बैरिकेड के कारण दुकानों पर ग्राहक नहीं आ रहे थे। सड़क पर ट्रैफिक जाम रहता था और ग्राहकों को गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं मिलती थी। शेख ने कहा कि अब बैरिकेड हटाए जाने से अच्छे व्यवसाय की उम्मीद है।

सात पैकेज में 63 प्रतिशत सड़कों से पहले ही हटाए गए थे बैरिकेड

एमएमआरसीए से मिली जानकारी के मुताबिक, 33.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत मेट्रो लाइन के सभी सात पैकेज में लगभग 63 प्रतिशत सड़कें पहले ही बहाल कर दी गई हैं। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 लाइन पर कुल 28,885 मीटर सड़क पर बैरिकेड की गई थी। इसमें से 18,123 मीटर सड़क को बैरिकेड हटाकर बहाल किया गया है।

गिरगांव में अभी भी बैरिकेड लगे हैं


कफ परेड में ट्रैफिक जाम से निजात। फोटोः **महेश पौल**